भारत के व्यापार में संवर्धन

*99. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991–92 के दौरान भारत कौन-कौन से देशों के साथ व्यापार कर रहा है तथा उन देशों के साथ कितने-कितने मूल्य का आयात-निर्यात किया गया हैं ;

(ख) जिन देशों के साथ व्यापार अधिशेष रहा है उसे बनाये रखने हेतु सरकार क्या कदम उठायेगी ;

(ग) जिन देशों के साथ व्यापार घाटे में रहा है वहां उसे अधिशेष बनाये जाने हेतु सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) निर्यात क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) :(क) भारत के निर्यात तथा आयात का देशवार ब्यौरा अप्रैल–नवम्बर, 1991 की अवधि के संबंध में उपलब्ध हैं । एक विवरण-पत्र संलग्न हैं जिसमें प्रमुख देशों के नाम तथा अप्रैल–नवम्बर, 1991 के दौरान भारत द्वारा किए गए वस्तुओं के आयात तथा निर्यात का मूल्य दर्शाया गया है (नीचे देखिए)

(ख) से (घ) सरकार ने हमारे व्यापारिक साझीदारों के साथ व्यापार अधिशेष सृजित करने तथा उसे बनाए रखने के लिए जो कदम उठाए हैं उनमें शामिल हैं : संयुक्त आयोगों/संयुक्त व्यापार समितियों के मंच पर सरकारी स्तर पर द्विपक्षीय विचार विमर्श करना, व्यापार प्रतिनिधि मंडलों का आदान प्रदान, भारतीय क्षमताओं का प्रचार करने के लिए व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लना, चुनिन्दा देशों को ऋणों की वाणिज्यिक प्रणाली शुरू करना आदि इसके अतिरिक्त सरकार ने व्यापार नीति संबंधी अनेक सुधार भी आरम्भ किए हैं जिनका उद्देश्य निर्यात प्रोत्साहनों को सुदृढ़ करना, काफी हद तक आयात लाइसेंस समाप्त करना तथा इष्टतम स्तर तक आयात को कम करना है । आर ई पी लाइसेंसों का स्थान एग्जिमस्क्रिप्स ने ले लिया है । अग्रिम लाइसेंसिंग प्रणाली को भी सुदृढ़ बनाया गया है । इसके अलावा सरकार ने अन्य कदम उठाए हैं जिनमें ये शामिल हैं; व्यापार बोर्ड को सक्रिय करना चुनिन्दा देशों के साथ द्विपक्षीय विचार विमर्श और व्यापार तथा उद्योग के राष्ट्रीय संगठनों के साथ पारस्परिक संबंध आदि ।

विवरण

(करोड़ रु०)

क्रमांक	देश/क्षेत्र	अप्रैल–नवम्बर, 1991	
		निर्यात	आयात
1	2	3	4
1.	पश्चिम यूरोप	7709.50	9346.22
(1)	इसीएम	6924.52	8493.92
	(क) बेल्जियम	994.92	2091.60
	(ख) फ्रांस	560.55	830.15
	(ग) जर्मन संघीय गणराज्य	1861.09	2202.24
	(घ) इटली	743.22	749.28
	(ङ) नीदरलैंड	531.90	428.91
	(च) ब्रिटेन	1680.77	1975.62

1	2	3	4
(2) एफटा		683.33	734.30
(क) स्वीडन		123.39	271.38
(ख) स्वीटजरलैंड		331.01	211.01
(3) अन्य		101.65	118.00
2. एशिया तथा ओसीनिया		9203.11	12928.29
(1) एस्कैप		6762.07	6790.93
(क) आस्ट्रेलिया		303.16	933.79
(ख) ईरान		116.21	880.66
(ग) जापान		2474.32	2164.25
(घ) कोरिया गणराज्य		418.64	450.04
(ङ) मलेशिया		277.19	523.98
(च) सिंगापुर		596.55	991.67
(छ) नेपाल		130.11	49.25
(ज) हांगकांग		894.05	152.79
(झ) थाइलैंड		314.66	72.11
(2) अन्य एशिया तथा ओसिनियन देश		2441.04	6137.36
(क) कुवैत		47.79	221.35
(ख) सऊदी अरेबिया		477.40	2230.47
(ग) संयुक्त अरब अमीरात		1022.92	2089.98
3. अफ्रीका		783.25	1246.35
(क) मिस्र		103.38	105.36
(ख) मोरोक्को		14.47	549.79
4. अमरीका		4839.32	4085.28
1. उत्तरी अमरीका		4673.38	3509.62
(क) कनाडा		271.67	454.85
(ख) संयुक्त राज्य अमरीका		4401.65	3054.77
(2) दक्षिण अमरीका		75.75	452.95
(3) अन्य अमरीकन एवं करेबियन देश		90.19	122.71
5. पूर्वी यूरोप		2897.89	1797.21
(1) रुपया भुगतान देश		2632.48	1539.66
(क) सोवियत संघ		2453.18	1423.10
(ख) अन्य		179.30	116.56
2. गैर रुपया भुगतान देश		265.41	257.55
(क) यूगोस्लाविया		53.06	80.21
कुल योग		26012.44	29410.38
(अन्यों सहित			

अ : अनन्तिम

स्रोत : डीजीसीआईएण्डएस, कलकत्ता